Publication : AmritPrabhat	Edition : Lucknow
Date : December 04, 2019	Page: 10

वरिष्ठ पत्रकार श्वेता सिंह को बैंक ऑफ़ बड़ौदा का महाराजा सयाजीराव भाषा सम्मान

मुंबई। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कॉर्पोरेट कार्यालय मुंबई में आयोजित वार्षिक राजभाषा समारोह में वर्ष 2019 का महाराजा सयाजीराव भाषा सम्मान वरिष्ठ पत्रकार एवं आज तक न्यूज चैनल की वरिष्ठ कार्यकारी संपादक श्वेता सिंह को प्रदान किया गया। हिन्दी भाषा के विकास और उसे जन-जन तक पहुंचाने में बहुमूल्य योगदान देने हेतु शुरू किए गए बैंक के इस सम्मान के अंतर्गत बैंक के कार्यपालक निदेशक द्वारा शांतिलाल जैन एवं विक्रमादित्य सिंह खीची द्वारा श्वेता सिंह को रु0 1 लाख 51 हजार की राशि एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर श्वेता सिंह ने इस सम्मान को विशेष बताते हुए कहा कि हिन्दी बोलने में हमें कतई कोई झिझक नहीं होनी चाहिए। शब्दों को जिंदा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।